भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. *381**

जिसका उत्तर 27.03.2025 को दिया जाना है

**राष्ट्रीय राजमार्गों को चार, छह और आठ लेन का बनाना**

*381. श्री संजय हरिभाऊ जाधव:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) देश में राज्य-वार कितने राष्ट्रीय राजमार्ग हैं;

(ख) राष्ट्रीय राजमार्गों को चार, छह और आठ लेन का बनाए जाने हेतु योजना का ब्यौरा क्या है;

(ग) ऐसे राष्ट्रीय राजमार्गों का राज्य-वार और महाराष्ट्र में जिला-वार ब्यौरा क्या है जिन्हें वर्तमान में आठ लेन का बनाया जा रहा है/बनाए जाने की योजना है;

(घ) महाराष्ट्र में दो लेन वाले राष्ट्रीय राजमार्गों का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त राष्ट्रीय राजमार्गों को चार और छह लेन का बनाए जाने की समय-सीमा क्या है तथा राजमार्गों के इस परिवर्तन/उन्नयन के लिए निर्धारित लक्ष्य और समय-सीमा क्या हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ड.) विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

**"राष्ट्रीय राजमार्गों को चार, छह और आठ लेन का बनाना" के संबंध में श्री संजय हरिभाऊ जाधव द्वारा पूछे गए दिनांक 27.03.2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *381 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) देश में वर्तमान में 670 राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) हैं, जिनकी कुल लंबाई 1,46,204 किलोमीटर है। राष्ट्रीय राजमार्गों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी)-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख) राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास और रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर कार्य, जिसमें चार, छह और आठ लेन विन्यास में क्षमता वृद्धि शामिल है, यातायात सघनता, सड़क की स्थिति, पारस्परिक प्राथमिकता, निधियों की उपलब्धता और पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) के साथ तालमेल के आधार पर किया जाता है।

वर्तमान में, देश में 6.35 लाख करोड़ रुपए की लागत से 16,422 किलोमीटर लंबाई में चार/छह/आठ लेन बनाने की 636 एनएच परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं, जिनमें से 8,852 किलोमीटर लंबाई पूरी हो चुकी है। ये परियोजनाएं निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं और इन्हें वित्त वर्ष 2028-29 तक चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, देश में 2.18 लाख करोड़ रुपये की लागत से 5,496 किलोमीटर लंबाई में चार/छह/आठ लेन बनाने की 193 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को अनुमोदित किया/सौंप दिया गया है।

(ग) वर्तमान में, देश में 44,401 करोड़ रुपये की लागत से 546 किलोमीटर लंबाई में आठ लेन बनाने की 24 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं, जिनका परियोजना-वार विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, सरकार ने महाराष्ट्र राज्य में पुणे के पास 7,827 करोड़ रुपये की लागत से 30 किलोमीटर लंबे आठ लेन वाले एलिवेटेड नासिक फाटा-खेड़ कॉरिडोर के निर्माण को मंजूरी दे दी है।

(घ) महाराष्ट्र राज्य के विभिन्न जिलों में फैले दो लेन वाले राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई लगभग 10,300 किलोमीटर (राज्य में कुल 18,462 किलोमीटर लंबाई में से) है।

(ड.) वर्तमान में महाराष्ट्र राज्य में 61,458 करोड़ रुपये की लागत से 1,632 किलोमीटर लंबाई में चार/छह/आठ लेन बनाने की 64 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं, जिनमें से 1,092 किलोमीटर लंबाई का कार्य पूरा हो चुका है। ये परियोजनाएं निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं और इन्हें वित्त वर्ष 2027-28 तक चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।

**अनुबंध-I**

**"राष्ट्रीय राजमार्गों को चार, छह और आठ लेन का बनाना"** के संबंध में **श्री संजय हरिभाऊ जाधव** द्वारा पूछे गए दिनांक **27.03.2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *381 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

राष्ट्रीय राजमार्गों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी)-वार ब्यौरा

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | एनएच की संख्या | एनएच लंबाई (किमी में) |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 55 | 8,683 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 14 | 4,367 |
| 3 | असम | 38 | 4,077 |
| 4 | बिहार | 56 | 6,132 |
| 5 | चंडीगढ़ | 1 | 15 |
| 6 | छतीसगढ | 20 | 3,620 |
| 7 | दिल्ली | 12 | 157 |
| 8 | गोवा | 6 | 299 |
| 9 | गुजरात | 45 | 8,111 |
| 10 | हरियाणा | 39 | 3,347 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 19 | 2,607 |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | 11 | 1,935 |
| 13 | झारखंड | 32 | 3,633 |
| 14 | कर्नाटक | 49 | 8,191 |
| 15 | केरल | 12 | 1,858 |
| 16 | लद्दाख | 3 | 806 |
| 17 | मध्य प्रदेश | 47 | 9,169 |
| 18 | महाराष्ट्र | 102 | 18,462 |
| 19 | मणिपुर | 11 | 1,840 |
| 20 | मेघालय | 5 | 1,156 |
| 21 | मिजोरम | 9 | 1,499 |
| 22 | नागालैंड | 12 | 1,670 |
| 23 | ओडिशा | 32 | 5,897 |
| 24 | पुदुचेरी | 2 | 64 |
| 25 | पंजाब | 38 | 4,264 |
| 26 | राजस्थान | 53 | 10,733 |
| 27 | सिक्किम | 8 | 709 |
| 28 | तमिलनाडु | 50 | 7,000 |
| 29 | तेलंगाना | 30 | 4,926 |
| 30 | त्रिपुरा | 6 | 889 |
| 31 | उत्तर प्रदेश | 90 | 12,123 |
| 32 | उत्तराखंड | 26 | 3,664 |
| 33 | पश्चिम बंगाल | 35 | 3,910 |
| 34 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1 | 331 |
| 35 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 4 | 59 |
| | **कुल** | **670** | **146,204** |

**अनुबंध-II**

**"राष्ट्रीय राजमार्गों को चार, छह और आठ लेन का बनाना" के संबंध में श्री संजय हरिभाऊ जाधव द्वारा पूछे गए दिनांक 27.03.2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *381 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

देश में निर्माणाधीन आठ लेन वाले राष्ट्रीय राजमार्गों का परियोजना-वार विवरण: -

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **परियोजना का नाम** | **लंबाई (किमी)** | **लागत (करोड़ रुपए में)** | **पूरी हो चुकी लंबाई (किमी में)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुजरात | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (एनई-4) का वडोदरा-मुंबई खंड (चरण I - पैकेज-5) (किम से अंकलेश्वर ) | 25 | 1,325 | 15 |
| 2 | गुजरात | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (एनई-4) का वडोदरा-मुंबई खंड (चरण I - पैकेज-7) ( गंडेवा से एना ) | 28 | 1,710 | 23 |
| 3 | गुजरात | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (एनई-4) का वडोदरा-मुंबई खंड (चरण-I पैकेज-8) ( जुजुवा - गंडेवा ) | 35 | 3,834 | 0 |
| 4 | गुजरात | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (एनई-4) का वडोदरा-मुंबई खंड (चरण-I पैकेज-9) ( कारवड़ - जुजुवा ) | 27 | 2,594 | 0 |
| 5 | गुजरात | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (एनई-4) का वडोदरा-मुंबई खंड (चरण I - पैकेज-10) ( तलसारी से करवड़ ) | 25 | 1,910 | 4 |
| 6 | गुजरात | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (एनई-4) का दिल्ली-वडोदरा खंड (पैकेज-26) | 33 | 1,971 | 24 |
| 7 | गुजरात | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (एनई-4) का दिल्ली-वडोदरा खंड (पैकेज-27) | 26 | 1,372 | 26 |
| 8 | गुजरात | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (एनई-4) का दिल्ली-वडोदरा खंड (पैकेज-28) | 25 | 1,339 | 25 |
| 9 | गुजरात | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (एनई-4) का दिल्ली-वडोदरा खंड (पैकेज-30) [ बलेटिया गांव - प्रताप नगर गांव के पास जंक्शन] | 22 | 1,185 | 20 |
| 10 | गुजरात | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (एनई-4) का दिल्ली-वडोदरा खंड (पैकेज-31) [ प्रताप नगर गांव के पास जंक्शन - डोडका गांव के पास जंक्शन] | 19 | 1,548 | 19 |
| 11 | महाराष्ट्र | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (एनई-4) का वडोदरा-मुंबई खंड (चरण II - पैकेज-11) ( गंजाद - तलसारी ) | 26 | 1,525 | 25 |
| 12 | महाराष्ट्र | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (एनई-4) का वडोदरा-मुंबई खंड (चरण II - पैकेज-12) ( मसवान - गंजाड ) | 26 | 1,711 | 14 |
| 13 | महाराष्ट्र | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (एनई-4) का वडोदरा-मुंबई खंड (चरण II - पैकेज-13) ( शिरसाद - मसवन ) | 27 | 3,537 | 18 |
| 14 | महाराष्ट्र | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (एनई-4) का वडोदरा-मुंबई खंड (चरण II - पैकेज-14) ( शिरसाद - अकलोली ) | 17 | 2,059 | 7 |
| 15 | महाराष्ट्र | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (एनई-4) का वडोदरा-मुंबई खंड (चरण II - पैकेज-15) ( अकलोली - अम्ने ) | 18 | 2,611 | 12 |
| 16 | महाराष्ट्र | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (एनई-4) का वडोदरा-मुंबई खंड (चरण II - पैकेज-16) ( अम्ने - भोज ) | 25 | 4,052 | 19 |
| 17 | महाराष्ट्र | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (एनई-4) का वडोदरा-मुंबई खंड (चरण II - पैकेज-17) ( भोज - मोरबे ) | 10 | 2,209 | 1 |
| 18 | महाराष्ट्र | एनएच-848 का वडपे से ठाणे तक का खंड | 21 | 1,253 | 11 |

| क्र.सं. | राज्य | परियोजना का नाम | लंबाई (किमी) | लागत (करोड़ रुपए में) | पूरी हो चुकी लंबाई (किमी में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 19 | ओडिशा | एनएच-53 के चंडीखोल - पारादीप खंड को 8 लेन का बनाना (पैकेज-1) | 18 | 930 | 5 |
| 20 | ओडिशा | एनएच-53 के चंडीखोल - पारादीप खंड को 8 लेन का बनाना (पैकेज-2) | 21 | 920 | 8 |
| 21 | ओडिशा | एनएच-53 के चंडीखोल - पारादीप खंड को 8 लेन का बनाना (पैकेज-3) | 21 | 862 | 8 |
| 22 | ओडिशा | एनएच-53 के चंडीखोल - पारादीप खंड को 8 लेन का बनाना (पैकेज-4) | 17 | 882 | 0 |
| 23 | राजस्थान | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (एनई-4) का दिल्ली-वडोदरा खंड (पैकेज-10) [ मुई गांव के पास एनएच-166 पर इंटरचेंज की समाप्ति से इंद्रगढ़ के पास हरदेवगंज गांव तक ] | 26 | 1,273 | 21 |
| 24 | राजस्थान | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (एनई-4) का दिल्ली-वडोदरा खंड (पैकेज-15) [ उम्मेदपुरा गांव के पास एनएच-12 के साथ जंक्शन से जागीर गांव, नयागांव के पास टाकली नदी पर बडे पुल तक] | 8 | 1,789 | 3 |
| | | **कुल** | **546** | **44,401** | **306** |

*****